कर्मचारी चयन आयोग

गोपनीय-1/2 अनुभाग

आशुलिपिक श्रेणी 'ग' और 'घ' परीक्षा, 2020- अभ्यर्थियों को शॉर्ट-लिस्ट कर दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाने के लिए आशुलिपि कौशल परीक्षा के परिणाम की घोषणा।

******

कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 20.06.2022 और 21.06.2022 को आशुलिपिक श्रेणी 'ग' और 'घ' परीक्षा, 2020 के लिए कौशल परीक्षा का आयोजन किया था। कुल 3608 अभ्यर्थियों ने आशुलिपिक श्रेणी 'ग' पद के लिए कौशल परीक्षा में शामिल होने के लिए अर्हता प्राप्त की थी और 13445 अभ्यर्थियों ने आशुलिपिक श्रेणी 'घ' पद के लिए कौशल परीक्षा में शामिल होने के लिए अर्हता प्राप्त की थी।

2. आयोग ने कौशल परीक्षा में अनुमत्य त्रुटियों/ गलतियों की प्रतिशतता संबंधी निम्नलिखित श्रेणी-वार कट-ऑफ निर्धारित की है:-

(i) आशुलिपिक श्रेणी 'ग': अना. के लिए 5% तक गलतियाँ और सभी आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए 7% तक गलतियाँ।

(ii) आशुलिपिक श्रेणी 'घ': अना. के लिए 7% तक गलतियाँ और सभी आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए 10% तक गलतियाँ।

3. आयोग ने अभ्यर्थियों को निम्नलिखित अनुपात (रिक्तियां: उपलब्ध अभ्यर्थी) लगभग में दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने के लिए बुलाया है:

(i) 10 रिक्तियों के लिए : 1 : 3

(ii) 10 से ज्यादा रिक्तियों के लिए : 1 : 2.5

4. तदनुसार, दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने के लिए विभिन्न श्रेणियों के तहत शॉर्ट-लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या इस प्रकार है:

<u>आशुलिपिक श्रेणी 'ग'</u>

श्रेणी	कट-ऑफ अंक	उपलब्ध अभ्यर्थी
अजा.	139.31554	35
अजजा.	119.86940	9
अपिव.	148.42862	91
आ.क.व.	149.25265	32
अना.	157.03860	54
अ.दि	117.81410	2
दृ.दि.	73.97151	4
योग		227

टिप्पणी-1: उपर्युक्त दिखाए गए अनारक्षित अभ्यर्थियों की संख्या के अतिरिक्त, अना. कट-ऑफ पर अर्हता प्राप्त करने वाले 5-अजा., 38-अपिव. एवं 14-आ.क.व. श्रेणियों के अभ्यर्थियों को उनके संबंधित श्रेणियों में दिखाया गया है।

<u>आशुलिपिक श्रेणी 'घ'</u>

श्रेणी	कट-ऑफ अंक	उपलब्ध अभ्यर्थी
अजा.	128.42784	354
अजजा.	101.42221	133
अपिव.	138.55078	649
आ.क.व.	127.00785	280
अना.	148.17852	479
भू. सै.	45.78359	9
अ.दि	91.17234	48
दृ.दि.	61.77808	24
अन्य दि.	48.48484	6
योग		1982

टिप्पणी-2: उपर्युक्त दिखाए गए अनारक्षित अभ्यर्थियों की संख्या के अतिरिक्त, अना. कट-ऑफ पर अर्हता प्राप्त करने वाले 59-अजा. ,3-अजजा. 286-अपिव. एवं 77-आ.क.व. श्रेणियों के अभ्यर्थियों को उनके संबंधित श्रेणियों में दिखाया गया है।

5. सभी अर्हक अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन में शामिल होना आवश्यक है, जो संभावित रूप से दिनांक 29.09.2022 से 01.10.2022 तक निर्धारित है। दस्तावेज़ सत्यापन संचालन की तिथि आयोग के क्षेत्रीय कार्यालयों की संबन्धित वेबसाइटों पर शीघ्र ही उपलब्ध होगी। शॉर्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थी आगे के अपडेट के लिए आयोग के संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाईट को नियमित तौर पर देखते रहें।

6. उपर्युक्त सूचियां पूर्णतः अनंतिम हैं और संस्तुत अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा की विज्ञप्ति में संबंधित पद के लिए यथा-निर्धारित पात्रता की सभी शर्तो को पूरा करने के अध्यधीन है।

7. कौशल परीक्षा में अर्हता-प्राप्त/ गैर अर्हता-प्राप्त अभ्यर्थियों की त्रुटि प्रतिशतता का ब्योरा आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 28.09.2022 को अपलोड किया जाएगा। यह सुविधा दिनांक 28.09.2022 से 10.10.2022 तक उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी अपनी पंजीकरण संख्या एवं एसएससी पंजीकरण पासवर्ड का उपयोग करके और अभ्यर्थी डैशबोर्ड पर परिणाम/ अंक टैब पर क्लिक कर अपने अंक देख सकते हैं।

उप सचिव (गोपनीय)
23.09.2022